भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3414

दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

आमटा में पासपोर्ट सेवा केंद्र

3414. श्रीमती साजदा अहमद

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पश्चिम बंगाल के आमटा स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र में अपर्याप्त अवसंरचना तथा सार्वजनिक सुविधाओं की कमी से अवगत है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गत तीन वर्षों के दौरान उक्त पासपोर्ट सेवा केंद्र की अवसंरचना का कोई निरीक्षण अथवा मूल्यांकन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त पासपोर्ट सेवा केंद्र की अवसंरचना का उन्नयन करते हुए प्रतीक्षालय, बैठने की क्षमता, पेयजल, स्वच्छता सुविधाएं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुगम पहुंच, पार्किंग तथा डिजिटल सेवा सुविधाओं में सुधार करने का है, यदि हाँ, तो इन सुधार कार्यों को पूरा करने की समय–सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) पश्चिम बंगाल के उलूबेरिया लोक सभा क्षेत्र के आमता में 18 फरवरी 2019 से एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र कार्यरत है। यह विदेश मंत्रालय द्वारा डाक विभाग के सहयोग से प्रत्येक ऐसे लोक सभा क्षेत्र में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की पहल का हिस्सा है, जहां कोई पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) नहीं है।

विदेश मंत्रालय सभी पीएसके और पीओपीएसके में नागरिक-अनुकूल तरीके से पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी पीओपीएसके का रख-रखाव एक सतत प्रक्रिया है और यह मुख्य रूप से डाक विभाग की जिम्मेदारी है। डाक विभाग तथा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ), कोलकाता द्वारा 09 सितंबर 2025 और 14 जुलाई 2026 को पीओपीएसके, आमता का निरीक्षण किया गया था। इन निरीक्षणों के बाद, डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, आमता में रख-रखाव और अवसंरचना के उन्नयन से जुड़े कुछ मुद्दों की पहचान डाक विभाग द्वारा समाधान हेतु की गई है। आरपीओ, कोलकाता इन मुद्दों पर डाक विभाग के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है।

*****